वेबसाईट : www.abvp.org पंजिकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय– 3, मार्बल आर्च, सेनापती बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016.
दूरभाष :(022) 24306321 / 24378866 फैक्स :24313938 ई–मेल : abvpkendra@gmail.com

दिनांक : 19 दिसम्बर 2019

-: प्रेस विज्ञप्ति :-

केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री एवं केंद्रीय गृह राज्य मंत्री से मिला अभाविप प्रतिनिधिमंडल।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का प्रतिनिधिमंडल आज दिल्ली में भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्री श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक' तथा गृह मंत्री श्री जी. किशन रेड्डी से मिला, प्रतिनिधिमंडल ने उपर्युक्त मंत्रियों को अलग-अलग सौंपे गए ज्ञापन में विभिन्न मांगों को उठाया है।

मानव संसाधन विकास मंत्री को सौंपे गए ज्ञापन में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद प्रतिनिधिमंडल ने संशोधनों के साथ नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को अतिशीघ्र लागू करने, शिक्षा का रोजगार के साथ समन्वय बढ़ाने, पाठ्यक्रमों में भारतीयता का विचार सम्मिलित करने तथा शहरी माओवादी द्वारा पाठ्यक्रमों में सम्मिलित किए गए प्रोपेगंडा को हटाने, जीडीपी का 6% बजट शिक्षा क्षेत्र को आवंटित करने आदि मांगों को रखा है।

केंद्रीय गृह राज्य मंत्री से मिले प्रतिनिधिमंडल ने बलात्कार जैसे जघन्य अपराधों के लिए त्वरित अदालतें गठित किए जाने, विधानसभा तथा विधान परिषदों में महिलाओं के लिए 33% आरक्षण सुनिश्चित किए जाने, निर्भया फंड का पूरा उपयोग सुनिश्चित करने, बिना लैंगिक भेदभाव की पास्को एक्ट को क्रियान्वित करने , महिलाओं की सुरक्षा को सुनिश्चित करने तथा सुरक्षा हेतु कानून और मजबूत बनाने आदि मांगें की हैं।

प्रतिनिधिमंडल में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ एस सुबैय्या, राष्ट्रीय महामंत्री निधि त्रिपाठी, राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री आशीष चौहान तथा अन्य प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे।

(यह प्रेस विज्ञप्ति केन्द्रीय कार्यालय मंत्री नीरज चौधरकर द्वारा जारी की गई है।)